श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
28.11.2024
मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष त्रयोदशी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 95

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:14 बजे
अस्त - 05:09 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 26 डिग्री से.
न्यूनतम : 12 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
चुनाव हार गये हैं, हिम्मत नहीं : भानू >> पेज 03
अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ ने की दूसरी बार शादी : पेज 04

**सुविचार**
मेहनत वो सुनहरी चाबी है, जो भविष्य के बंद दरवाजे भी खोल देती है!

**न्यूज अपडेट्स**

## आईपीएस एमएस भाटिया को डीजी रैंक में मिली प्रोफार्मा प्रोन्नति



**रांची।** झारखंड कैडर के तेज तर्रार 1993 बैच के आईपीएस एमएस भाटिया को डीजी रैंक में प्रोफार्मा प्रोन्नति मिली है। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी दी है। एमएस भाटिया वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। जानकारी के मुताबिक, आईपीएस एमएस भाटिया अगले साल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से अपने झारखंड कैडर में लौटेंगे।

## गुमला में पांच केन बम बरामद

**गुमला।** पुलिस ने पांच केन बम बरामद कर प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों द्वारा पुलिस बल को नुकसान पहुंचाने की मंशा को नाकाम कर दिया। मंगलवार को पुलिस को यह गुप्त सूचना मिली थी कि गुमला थाना क्षेत्रके आंजन हिरनाखांड़ जंगल में नक्सलियों द्वारा पुलिस को क्षति पहुंचाने की नीयत से केन बम बिछाया गया है। इस सूचना का सत्यापन एवं अग्रेतर कार्रवाई के लिए गुमला पुलिस तथा एसएसबीके संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाया। सर्च के क्रम में हिरनाखांड जंगल में बम के होने का सत्यापन हुआ। दो-दो किलो के 05 केन बम को झारखंड जगुआर की बीडीडीएसटीम ने बुधवार को विनष्ट किया।

**शपथ ग्रहण** राहुल, खड़गे समेत मोरहाबादी मैदान में जुटेंगे विभिन्न राज्यों के राष्ट्रीय नेता

# हेमंत आज चौथी बार संभालेंगे कमान

बंशीधर न्यूज

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में जीत के बाद हेमंत सोरेन गुरुवार को चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। रांची के मोरहाबादी मैदान में 28 नवंबर की शाम चार बजे शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शपथ ग्रहण करायेंगे। इस समारोह में कई बड़े राष्ट्रीय नेता शामिल होंगे। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, एनसीपी पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार, मेघालय के मुख्यमंत्री कोंराड कोंगकल संगमा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुखू, पूर्व मुख्यमंत्री महाराष्ट्र उद्धव ठाकरे, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, कर्नाटक के पूर्व उप मुख्यमंत्री डीके शिवाकुमार, तमिलानडू के पूर्व उप मुख्यमंत्री उदय स्टालिन, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, मासस के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, नवीन पटनायक, कपिल सिब्बल के अलावा और भी कई नाम शामिल हैं।

शपथ ग्रहण समारोह को लेकर जगह-जगह होर्डिंग लगाये जा रहे हैं। झामुमो और कांग्रेस नेताओं में जबरदस्त उत्साह है। शपथ समारोह को भव्य बनाने के लिए और आने वाले वीआईपी गेस्ट के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। सभी वीआईपी गेस्ट के लिए स्पेशल कारकेड तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से वीआईपी अतिथियों को सुरक्षित समारोह स्थल तक लाया जाएगा। अति विशिष्ट अतिथियों को प्रोटोकॉल के अनुसार सारी सुविधाएं समय पर मिलें इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। राजकीय अतिथियों की आगवानी, उनके ठहरने, समारोह स्थल तक जाने से लेकर उनकी विदाई तक की फूल फ्रूप तैयारी की गई है।

रांची पुलिस लाइन में 500 से ज्यादा वाहनों को वीआईपी गेस्ट के लिए तैयार रखा गया है। नेताओं के ठहरने वाले सभी चिह्नित राजकीय अतिथिशाला और अन्य जगहों पर विशेष सुरक्षा की व्यवस्था की गयी है। रांची आने और यहां से लौटने तक उनकी सुविधा का ध्यान रखने की पूरी तैयारी की गई है। वहीं, दक्षिण भारत से आने वाले अतिथियों को भाषाई दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए अंग्रेजी बोलने-समझने वाले अधिकारियों को जिम्मा सौंपा गया है। वीआईपी मूवमेंट को लेकर पुलिस के जवानों को सीनियर अधिकारियों के के जरिये बुधवार को ब्रीफ भी किया गया है। जहां अतिथियों को ठहराया जाएगा वहां से लेकर समारोह स्थल और विदाई स्थल तक सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश जारी किए गए हैं। समारोह के पूर्व अतिथियों के आवसन स्थल से लेकर समारोह स्थल तक पुलिस ड्राई रन कर व्यवस्था चाक-चौबंद बनाएगी।

अति विशिष्ट अतिथियों के कारकेड में कार्डियक एंबुलेंस भी रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही एयरपोर्ट पर हेल्प डेस्क, समारोह स्थल पर कंट्रोल रूम, अग्निशमन वाहन की व्यवस्था, पेयजल और शौचालय की भी व्यवस्था की गयी है। समारोह के पहले और बाद में समारोह स्थल तक आने-जाने में किसी को परेशानी नहीं हो इसके लिए अलग से ट्रैफिक प्लान भी बनाया गया है।

शपथ ग्रहण समारोह स्थल और अतिथियों के ठहरने की जगह एवं सड़कों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा को लेकर पांच एसपी, 30 डीएसपी, 65 इंस्पेक्टर, एएसआई से लेकर दारोगा तक 350 अफसर और लगभग चार हजार जवान की तैनाती की गयी है। इसके अतिरिक्त एसटीएफ और एटीएस की टीम के अलावा रैप की चार टीम को भी लगाया गया है जबकि सुगम यातायात व्यवस्था के लिए प्रशिक्षित 100 ट्रैफिक पुलिसकर्मी की भी तैनाती की गयी है।



### हेमंत ने शपथ समारोह की तैयारियों का स्वयं लिया जायजा

**रांची।** कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मोरहाबादी मैदान, रांची में 28 नवंबर को नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर चल रही तैयारियों का बुधवार रात निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने समारोह स्थल में मंच निर्माण, साज सज्जा, विद्युत, ध्वनि तथा सुरक्षा व्यवस्था और अतिथियों के स्वागत-सत्कार एवं आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था की जानकारी अधिकारियों से ली। सोरेन ने कहा कि समारोह स्थल तक आवागमन और वाहनों के पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए ताकि किसी भी स्तर की किसी तरह की परेशानी उत्पन्न नहीं हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यहां पेयजल के साथ अन्य सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। इस मौके पर विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव अमिताभ कौशल, रांची के उपायुक्त वरुण रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा एवं कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## अब शुरू होगी अबुआ सरकार की नई पारी : हेमंत सोरेन



**रामगढ़।** अब झारखंड में अबुआ सरकार की नई पारी शुरू होगी। रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत नेमरा गांव में बुधवार को जब मुख्यमंत्री पहुंचे, तो उन्होंने जनता को इसके संकेत दिए। हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, रामगढ़ विधायक ममता देवी भी थी। जनता ने उनका जोरदार स्वागत किया और जीत की बधाई भी दी। पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत किए। इस मौके पर हेमंत सोरेन कहा कि आपने जिस मेहनत और लगन से अबुआ दिशोम सरकार को दोबारा मौका दिया है, इससे पूरे देश में झारखंड की साख बढ़ी है। अब हमारी बारी है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इससे पहले जब वह सरकार गांव तक लेकर आते थे, तब सौगातों की बारिश होती थी। नई पारी नए तरीके से होगी। इस बार और मजबूती से जनता की समस्याओं का ना सिर्फ समाधान होगा, बल्कि विकास की नई गाथा भी लिखी जाएगी। हेमंत सोरेन का हेलीकॉप्टर सबसे पहले उनके दादा शहीद सोबरन सोरेन की शहादत स्थल पर उतरा। नेमरा से लगभग दो किलोमीटर दूर लुकैयाटांड़ में शहीद सोबरन सोरेन का शहादत स्थल है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इसी पहाड़ की तराई में उनके दादा आंदोलन करते हुए शहीद हुए थे। हर साल वह पूरे परिवार के साथ यहां एकत्रित होते हैं। मुख्यमंत्री को डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार के मौजूदगी में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## मारा गया कुख्यात माओवादी कमांडर छोटू खरवार, साथियों ने की हत्या

बंशीधर न्यूज




**लातेहार।** लातेहार जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र के भीमपांव जंगल के पास बीती रात आपसी झगड़े में माओवादी कमांडर छोटू खरवार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उस पर 15 लाख रुपये का इनाम घोषित था। बुधवार को उसका शव बरामद हुआ है। पलामू डीआईजी वाईएस रमेश ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आपसी विवाद में खरवार की हत्या हुई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार माओवादियों के बीच पिछले कुछ दिनों से किसी मामले को लेकर विवाद चल रहा था। इसका समझौता करने के लिए माओवादी मंगलवार की रात छिपादोहर थाना क्षेत्र के भीमपाव नामक स्थान में जमे हुए थे। इसी बीच विवाद बढ़ गया और माओवादी आपस में उलझ गए। इसी झगड़े में माओवादी छोटू खरवार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बुधवार को पुलिस को जब घटना की जानकारी मिली तो पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। उल्लेखनीय है कि कुख्यात इनामी छोटू खरवार माओवादी जोनल कमांडर था। उस पर सरकार ने 15 लाख रुपये का इनाम था। छोटू खरवार की हत्या के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।


**मोरहाबादी मैदान में मुख्यमंत्री पद के शपथ की तैयारियां पूरी**

# शपथ ग्रहण समारोह में दिखेगी सोहराई पेंटिंग

बंशीधर न्यूज

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में मुख्यमंत्री पद के शपथ की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। कई दिग्गज नेता इस समारोह में मौजूद होंगे। इसके साथ समारोह में झारखंड की पारंपरिक पेंटिंग भी देखने मिलेगी। दरअसल, मुख्य स्टेज के सामने सोहराई पेंटिंग बनाई गयी है। यह सांसदों और विधायकों सहित आम लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगी। यें पेंटिग तीन स्थानों पर बनीं हैं। पहला वीआईपी लोगों के प्रवेश द्वार के सामने बनाई गई है, जिसमें आदिवासियों के पर्व त्यौहार में खोड़हा नृत्य करते दिखाया गया है। दूसरी पेंटिग मुख्य स्टेज के सामने चित्रित है, जिसमें प्रकृति सौंदर्य की तस्वीर दिखेगी। इसके साथ जनजातियों के संग हरा-भरा पेड़ भी पेंटिग में बने हैं। हाथी, हिरण, पशु, मछली, गाय, सांपऔर पक्षी आदि बनाई गई है। मौके पर पेंटर संतोष प्रजापति ने कहा कि गांव के जनजातीय समुदाय दिवाली के पहले घर में साफ-सुथरा करती है और घरों के दीवारों पर अपने हाथों से प्रकृति से जुड़े जीव-जंतुओं और हर-भरे पेड़-पौधे बनाने का काम करती हैं। सोहराई पर्व पर आधारित सभी दीवारों पर चित्रित किया गया है। हजारीबाग की रुकमनी देवी की टीम ने इसे पूरा किया है। टीम में सुषमा देवी, अंजली देवी, पूजा कुमारी, दीपा कुमारी और माही कुमारी ने बारीकी से दीवार पर पेंटिंग को ऊकेरा है।





## अवैध खनन मामले की जांच के लिए सीबीआई की टीम कर रही कैंप

**साहिबगंज।** साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले की जांच सीबीआई कर रही है। इसको लेकर सीबीआई की टीम साहेबगंज में कैंप कर रही है। सीबीआई की टीम 30 नवंबर तक साहेबगंज में रहेगी और अवैध खनन की जांच करेगी। बताया जा रहा है कि जिले के महादेवगंज इलाके में खनन मामले से संबंधित सीबीआई टीम जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले चार और पांच नवंबर को सीबीआई ने अवैध पत्थर खनन मामले में पंकज मिश्रा के सहयोगी भगवान भगत और उनसे जुड़े 20 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी में सीबीआई ने करीब 61 लाख नकदी के अलावा एक किलोग्राम सोना, 1.25 किलोग्राम सोने-चांदी के आभूषण और 61 कारतूस जब्त किये थे। साहिबगंज के नींबू पहाड़ पर अवैध पत्थर खनन मामले में झारखंड हाई कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने 20 नवंबर, 2023 को प्राथमिकी दर्ज की थी। पत्थर खनन मामले के शिकायतकर्ता रहे विजय हांसदा की गवाही से मुकरने के बाद हाई कोर्ट ने सीबीआई को जांच करने का आदेश दिया था।

# सांसद वीडी राम ने लोकसभा में रेल से जुड़े मामलों को उठाया, रेल मंत्री से मिलकर भी चर्चा की



बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र से जुड़े रेलवे से संबंधित अति आवश्यक मामलों को उठाया। उन्होंने इस संबंध में बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने श्री वैष्णव से पलामू संसदीय क्षेत्र से संबंधित रेलवे से जुड़े जनता के महत्वपूर्ण मांगों पर विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान श्री राम ने रेल मंत्री को अवगत कराया कि ठंढ के मौसम में कोहरे के बहाने झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का परिचालन 2 दिसंबर 2024 से 10 जनवरी 2025 तक बंद करने का रेलवे बोर्ड ने निर्णय लिया है। उन्होंने इस पर एतराज जताते हुये व्यापक जनहित में रेलवे बोर्ड के उक्त निर्णय को रद्द करते हुये झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन जारी रखने का अनुरोध किया। इसकी जानकारी देते हुये सांसद के निजी सचिव अलख दूबे ने बताया कि सांसद श्री राम ने रेल मंत्री को स्मरण दिलाया कि विगत वर्ष भी कोहरे के बहाने झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का परिचालन रद्द किया गया था। लेकिन मेरे अनुरोध पर आपने स्वयं हस्तक्षेप कर अविलंब उक्त एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू किया था। इस वर्ष पुनः झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का परिचालन रद्द किये जाने से क्षेत्र के लोगों में क्षोभ व्याप्त है। रेल मंत्री श्री वैष्णव ने सांसद को इस पर जल्द सकारात्मक निर्णय लेने का भरोसा दिया। सांसद ने रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का नगर ऊंटारी (श्री बंशीधर नगर) में ठहराव करने, पटना सिंगरौली एक्सप्रेस एवं शक्तिपुंज एक्सप्रेस का मेराल में, पलामू एक्सप्रेस का रजहरा में, रांची-नई दिल्ली गरीब रथ का मोहम्मदगंज में ठहराव करने, वंदे भारत ट्रेन को रांची से डालटनगंज गढ़वा रोड़ एवं जपला होते हुये वाराणसी तक चलाने, रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस वाया डालटनगंज होकर सप्ताह में 2 दिन चलती है उसे चार दिन चलाने, रांची-नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन सप्ताह में तीन दिन चलती है उसे 6 दिन चलाने, रांची-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन रांची से वाराणसी तक चलती है उसे गोरखपुर तक विस्तार करने, हावड़ा से जबलपुर तक जाने वाली शक्तिपुंज ट्रेन को मुंबई तक विस्तारित करने, डालटनगंज से गोरखपुर जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक है, कोरोना काल में रांची से गोरखपुर तक ट्रेन चली थी जिसे बंद किये जाने से यात्री परेशान हैं इसलिये रांची से वाया डालटनगंज होकर गोरखपुर तक पुनः एक नई ट्रेन चलाने, रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में जेनरल कोच की संख्या बढ़ाने की मांग की। श्री राम ने रेल मंत्री से कहा कि उपरोक्त मांगों के पूरा होने पर पलामू संसदीय क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी।

## न्यूज अपडेट्स

### प्रशासन की मौजूदगी में जबरन फॉर लेन का हो रहा निर्माण

**पड़वा :** प्रखंड क्षेत्र के कजरी गांव का प्लॉट नंबर 1553, 1555,1562, 1556, 1561 व 1559 खाता संख्या 136 कुल रकबा 55 डिसिमल जमीन का मुआवजा राशि का भुगतान नहीं हुआ है। गाड़ीखास से पाटन मोड़ के बीच इस जमीन पर काम बाकी था। तब प्रशासनिक अधिकारियों ने आश्वासन दिया था की जब तक भुगतान नहीं होगा तब तक छूटे कार्य नही होगा। उक्त जानकारी गौरव सिंह उर्फ गौरी ने बताया। कहा की बुधवार को पड़वा अंचलाधिकारी अमित कुमार झा, पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव पुलिस दल बल के साथ स्थल पर पहुंच कर बा जबरन कार्य को शुरू करवा दिया गया। अंचल अधिकारी अमित झा ने बताया की हाल सर्वे में प्लॉट जीएम लैंड है। रैयत को जमीन का रैयती मान्यता प्राप्त नहीं है। अंचल द्वारा रैयती मान्यता के लिये जिला प्रशासन को तीन महीने पहले फाइल भेजा गया है।

### अनुमंडल अस्पताल में सहिया फैमिली प्लानिंग आयोजित

**हुसैनाबाद :** अनुमण्डल अस्पताल हुसैनाबाद में सभी सहिया साथी को फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम का प्रशिक्षण प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा बिनेश कुमार की उपस्थिति में दिया गया। इसके माध्यम से सभी सहिया परिवार नियोजन के साधनों जैसे कि कंडोम, माला एन, ओसीपी, ईसीपी आदि का ऑनलाईन मांग अपनी अपनी एएनएम को उपलब्ध कराएंगी तथा उसका डिस्ट्रीब्यूशन योग्य दम्पतियों को करेंगी। पूरे सप्लाई चौन का ऑनलाईन ट्रैकिंग किया जायेगा। मौके पर विभूति कुमार गुप्ता, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, जलेश्वर राम, फॅमिली प्लानिंग बीटीटी, सच्चिदान्द, परिवार कल्याण कार्यकर्ता, रिंकू देवी, राजमणि पंडित, अनीता मनोहर, सरस्वती देवी, शिवा ओझा, संगीता देवी, सहिया साथी आदि उपस्थित थे।

**निर्देश** बीईईओ ने प्रधानाध्यापकों के साथ की बैठक

# स्कूल में उपस्थित रहें व पढ़ाएं शिक्षक

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** बीईईओ विजय पांडेय ने बुधवार को प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में सभी उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय व नव प्राथमिक विद्यालय के सभी प्रधानाध्यापक, बीआरपी एवं सीआरपी के साथ बैठक कर विभागीय कार्यो की समीक्षा की तथा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बीईईओ ने प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुये कहा कि चार हाउस का निर्माण करना, बाल संसद का गठन करना, चारों हाउस का नोटिस बोर्ड दीवार लेखन करना, प्रार्थना करते समय चारों हाउस के बच्चे अपने हाउस के झंडा तले पंक्तिबद्ध खड़ा होना, आदर्श प्रार्थना सभा का आयोजन करना, प्रार्थना सभा में समाचार पत्रों का वाचन, सामान्य ज्ञान, आज का विचार, प्रस्तावना पढ़ने, सप्ताह में दो या दिन व्यायाम एवं योगाभ्यास कराने, रेल प्रोजेक्ट के तहत टॉपर बच्चों को सम्मानित करने, बच्चों के पोशाक तथा नाखून स्वच्छता की जांच, बच्चों व शिक्षकों को महापुरुष के जन्मदिन मनाने, महापुरुषों के पुण्यतिथि पर याद करने, कक्षाओं के साफ सफाई, सबसे पहले विद्यालय आने वाले बच्चों को फूल देकर सम्मानित करने समेत अन्य कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायत वार ड्रॉप आउट बच्चियों जिनका नामंकन 2022- 2023, 2023 - 2024, 2024-2025 में आठवीं कक्षा के बाद किसी भी विद्यालय में नहीं कराया गया है तथा जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है वैसे ड्राप आउट बच्चियों का मैपिंग कर उनका नामंकन कराने हेतु पंचायत वार सर्वे कर उनकी सूची तैयार करें, ताकि उन बच्चियों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि उन्हें छात्रवृत्ति तथा सावित्रीबाई फुले एवं अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। बीईईओ ने निर्देश दिया कि त्रैमासिक माता-पिता-शिक्षक की बैठक आगामी एक दिसंबर से 6 दिसंबर तक करना है। सभी विद्यालयों में बैठक हो यह सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि सभी प्रधानाध्यापक प्रतिदिन एमडीएम का शत प्रतिशत मैसेज करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभागीय निदेशों का शत प्रतिशत पालन कराना सुनिश्चित करें। विद्यालय नियत समय पर खुले तथा नियत समय पर ही बंद हो इसे सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षक उपस्थिति दर्ज कर विद्यालय में शिक्षण कार्य करें। उन्होंने सभी शिक्षकों को ई विद्या वाहिनी में स्टूडेंट का उपस्थिति दर्ज करने तथा शिक्षक भी शत प्रतिशत ई विद्या वाहिनी में अपना उपस्थिति दर्ज करें। बैठक में बीपीओ तहमीना परवीन, बीआरपी श्रीकांत चौबे, सीआरपी संजय कुमार सिंह, शक्तिदास सिन्हा, शोभा पांडेय, एमडीएम सेल के प्रभारी अमित कुमार, एमआईएस ऑपरेटर राजकुमार, प्रधानाध्यापक राजनाथ राम, अखिलेश प्रसाद, रमेश प्रसाद, खुशदिल सिंह, घनश्याम शुक्ल, सुधीर चौबे, कुंदन कुमार, संजय कुमार, अविनाशचंद्र, मुनेश्वर मेहता, विनोद ठाकुर, अलीम अंसारी, ज्ञान प्रकाश, अनूप कुमार विश्वकर्मा, ममता कुमारी, रूबी कुमारी, रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल, कंप्यूटर ऑपरेटर रोहित कुमार सहित सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

# बजरंग दल का शौर्य संचलन व त्रिशूल दीक्षा दिसंबर में

**मेदिनीनगर :** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल पलामू के जिला कार्यालय में जिला समिति के सदस्य और विभिन्न आयामों के प्रमुखों की आज बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष अजीत पाठक व संचालन जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने किया। बैठक में प्रांत से प्राप्त निदेर्शानुसार 30 नवंबर तक बजरंग दल का संस्कार सप्ताह आयोजित किया जाना है, जिसमें नशा मुक्ति अभियान चलाया जायेगा। इसके लिये रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को नशा मुक्ति के लिये प्रेरित किया जायेगा। वहीं 11 से 18 दिसंबर तक गीता जयंती के उपलक्ष्य में शौर्य दिवस समारोह आयोजित किया जाना है। बैठक में 15 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम आयोजित किये जाने पर भी चर्चा की गई। बताया गया कि सभी कार्यक्रम बजरंग दल के नेतृत्व में आयोजित होगा। प्रत्येक कार्यक्रम के लिये तिथि और समय निर्धारित कर योजनाबद्ध तरीके से सफलतापूर्वक आयोजन का निर्णय लिया गया। बैठक में विश्व हिंदू परिषद पलामू विभाग के सह मंत्री महेंद्रनाथ, पूर्व संयोजक बजरंग दल राकेश कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजीत कुमार पाठक, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री अमित तिवारी, उपाध्यक्ष लाला प्रसाद यादव, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, प्रचार-प्रसार प्रमुख सुरेश वर्मा, धर्म प्रसार प्रमुख विनय गुप्ता, समरसता सह प्रमुख रवि तिवारी, नगर बजरंग दल अध्यक्ष दीपक प्रसाद, बजरंग दल नगर संयोजक दिलीप गिरी आदि उपस्थित थे।

### बीपीएससी परीक्षा में सफल होने पर जीप सदस्य ने दी बधाई



**हुसैनाबाद :** हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के ग्राम भईसना के स्वर्गीय रामसुंदर मेहता की छोटी पुत्रवधू खुशबू कुमारी बीपीएससी अध्यापिका चयन परीक्षा में सफल हुई हैं। उनके सफलता से हुसैनाबाद उतरी जीप सदस्य राजू मेहता ने उनके घर जाकर धन्यवाद दिया। इस दौरान जीप सदस्य ने कहा कि ऐसे किसान परिवार से जब कोई बहु प्रतियोगी परीक्षा में सफल होती है तो उससे समाज के अन्य महिलाओं व लोगों में जागरूकता फैलता है और समाज के लिये यह गौरव प्राप्त करने जैसा है, हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं खुशबू ने बताया कि मेरे सफलता में मेरे पति धीरेंद्र कुमार मेहता व अन्य परिवार में सभी लोगों का भरपूर सहयोग मिलता था। हम सभी महिलाओं से परिवार के लोगों को विश्वास में रखकर तैयारी करने की अपील करती हूं जिससे उसे आगे बढ़ने में बहुत मदद साबित हो सकता है।

## ट्रेन में महंगे मोबाइल की चोरी कर सस्ते दामों में बेचते थे

# चोरी के 23 मोबाईल के साथ दो चोर गिरफ्तार

बंशीधर न्यूज



**हुसैनाबाद :** पुलिस ने ट्रेन समेत आसपास के इलाकों में मोबाईल चोरी करने वाले दो चारों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने विभिन्न कंपनियों के 23 मोबाईल बरामद किये हैं। पकड़े गये चोरों में देवरी ओपी अंतर्गत देवरी खुर्द गांव निवासी उपेंद्र कुमार मेहता और उसके दोस्त अशोक पासवान शामिल हैं। उपेंद्र कुमार मेहता के पास विभिन्न कंपनियों के 18 और अशोक पासवान के पास से 5 चोरी का एंड्रॉयड फोन बरामद किया गया है। चोरी के संबंध में हुसैनाबाद के पुलिस इंस्पेक्टर सुरेश मंडल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उपेंद्र कुमार मेहता घर पर ही रह रहा है। सूचना का सत्यापन कर वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने सशस्त्र बल के साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उपेंद्र कुमार मेहता से चोरी के 18 एंड्रॉयड फोन एवं उसके दोस्त अशोक पासवान के पास से चोरी का 5 एंड्रॉयड फोन बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ करने पर उन्होंने आस-पास के क्षेत्रों के अलावा ट्रेनों में मोबाईल फोन की चोरी करने की बात स्वीकार की है। उपेंद्र कुमार मेहता व अशोक पासवान चोरी का मोबाईल फोन सस्ते दामों पर आस-पास के इलाके में बेचता था। उपेंद्र कुमार मेहता का आपराधिक इतिहास भी है। इंस्पेक्टर सुरेश मंडल ने बताया कि रेल थाना कोडरमा और धनबाद में कई एफआईआर दर्ज हैं। इसमें उपेंद्र कुमार मेहता पर भारतीय दंड संहिता के धारा भी लगाई गई है। पुलिस इंस्पेक्टर सुरेश मंडल में बताया कि दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि छापेमारी अभियान में देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, एएसआई अखिलेश कुमार के अलावा सशस्त्र बल व चालक मुकेश कुमार शामिल थे। पुलिस ने बताया कि एंड्रॉयड मोबाइल चोरी कर आस-पास के इलाके में सस्ते दामों पर बेचने का काम ये लोग करते थे।

### चोरी की बाईक के साथ गिरफ्तार

**मेदिनीनगर :** पुलिस ने चोरी की दो बाईक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। बरामद दोनों बाईक बिहार के औरंगाबाद के इलाके से चोरी की गयी थी। मंगलवार को पलामू के नावाबाजार थाना के पास पुलिस सामान्य चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक बाईक पर दो युवक सवार होकर पहुंचे। लेकिन पुलिस को देख दोनों बाईक वापस मोड़ कर भागने लगे। पुलिस को संदेह हुआ और उन्होंने पीछा करके बाईक सवारों को रोका। युवक से पुलिस ने बाईक के कागजात मांगे तो नहीं दिया। पुलिस ने पूरे मामले में कड़ाई से पूछताछ की तो युवक ने बताया कि 14 हजार रुपये में उसने दीवाली के अवसर पर इस बाइक को खरीदा है। मगर यह बाइक चोरी की है। बाद में युवक की निशानदेही पर पुलिस ने एक और चोरी की बाईक को बरामद किया।

### 350 छात्र-छात्राओं को मिली साईकिल



**कांडी :** कल्याण विभाग की ओर से बुधवार को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में कक्षा आठवीं में अध्ययरत लगभग 350 छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया गया। प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष पिंकू पांडेय, बीडीओ राकेश सहाय व प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शाहिद अंसारी ने साईकिल वितरित किया। प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत 110, उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारी कला के 132, मध्य विद्यालय राणाडीह के 38, उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोहगाड़ा के 53 व मध्य विद्यालय बतो के चार दर्जन छात्र-छात्राओं के बीच निःशुल्क साईकिल का वितरण किया गया। मौके पर मध्य विद्यालय राणाडीह के प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार पंडित, उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारी कला के सहायक अध्यापक संतोष ठाकुर, अध्यक्ष करमू साह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल वितरित



**डंडई :** कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया गया। बीडीओ देवलाल करमाली ने स्कूली बच्चों के बीच साईकिल वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद है कि सभी विद्यार्थियों को साईकिल मिले और उसकी पढ़ाई जारी रहे। उन्होंने कहा कि साईकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब स्कूल आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी, बच्चे मन लगाकर पढ़ें यही झारखंड सरकार की सोच है। इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा। मौके पर विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।

### संत मरियम में नृत्य प्रतियोगिता



**मेदिनीनगर :** संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में एंजेल कश्यप, आकृति गुप्ता व वाणी गुप्ता सफल रही। जिन्हें छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव के द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। वहीं अन्य प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया। बता दें कि इस प्रतियोगिता के लिए संत मरियम विद्यालय के प्रत्येक शाखाओं से चार-चार बच्चों का चयन किया गया था जिन्होंने लोक नृत्य, कश्मीरी नृत्य, शास्त्रीय नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया। उक्त मौके पर निर्णायक के रूप में अनिल कुमार ह्यमैक्सह्व मौजूद थे, जिन्होंने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका अग्रवाल के द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिका रिजवाना परवीन, रुकसार परवीन, पूजा चंद्रवंशी, संगीत शिक्षक श्याम किशोर पांडेय व अन्य शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

### रविदास नगर आंगनबाड़ी केन्द्र पर 60 बच्चों के बीच स्वेटर वितरित



**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 06 रविदास नगर आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड पार्षद अर्जुन प्रसाद गुप्ता, आंगनबाड़ी सेविका चन्द्रावती देवी की उपस्थिति में 60 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। वार्ड पार्षद अर्जून प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार ने बढ़ते ठंड को देखते हुये यह योजना चला रखी है। इसमें गुणवत्ता को विशेष ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि लोग अपने बच्चों को आंगनवाडी केन्द्र पर शिक्षा के लिये जरूर भेजें। मौके पर सहायिका राजमणि देवी, विनोद राम, नागेन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार राम, इस्लाम अंसारी सुनिल कुमार, निरंजन कुमार, प्रकाश कुमार, रामचन्द्र राम, अभिमन्यु कुमार गुप्ता, उतिमा देवी, संगीता देवी, फूला देवी, फेकन राम, उमेश राम, पूजा देवी आदि मौजूद थे।



# भानू प्रताप शाही ने कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं के प्रति जताया आभार

**बंशीधर न्यूज**

**सगमा :** पूर्व मंत्री भानू प्रताप शाही ने विधानसभा चुनाव हारने के बाद प्रखंड में पहुंचकर कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाने के साथ मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। सगमा पहुंचने के बाद सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भानू प्रताप को फूलमाला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस क्रम में श्री शाही का बीरबल गांव स्थित चौपाल में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे प्रखंड से पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। जबकि स्वागत समारोह में उपस्थित महिलाओ ने भी उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। उस मौके पर पूर्व मंत्री श्री शाही ने कहा की भवनाथपुर के मतदाताओं ने मुझे एक लाख पच्चीस हजार मत दिया है जो पूरे झारखंड में चुनाव हारे हुये विधायक को इतना प्रचंड मत नहीं मिला है, इसके लिये हम सभी कार्यकताओं एवं मतदाताओ के प्रति दिल से आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं चुनाव हारा हूं जमीन नहीं। इस चुनाव में मुझे हराने के लिये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन के साथ भवनाथपुर विधानसभा में कैंप कर चुनाव प्रचार किया, यह भी एक इतिहास बन गया है। लेकिन भनाथपुर विधानसभा की जनता ने मुझे सवा लाख वोट देकर मुझे जो ताकत दिया है उसे हर समय याद रखूंगा। मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हर समय उपस्थित रहूंगा। अब भवनाथपुर विधानसभा को एक नही तीन चार विधायक मिलकर इस विधानसभा को चलाने वाले हैं। मैं सगमा प्रखंड की धरती से चुनौती देता हूँ की अनंत प्रताप देव अपने वादे के अनुरूप पवार प्लांट लगाने तथा पलायन रोकने का वादा किया है। जिसपर छह माह के अंदर काम शुरू होना चाहिये अन्यथा मैं ईंट से ईंट बजाने के लिये कमर कस चुका हुं। साथ ही उन्होंने कहा की मुझे सूचना मिल रही है की सगमा प्रखण्ड में झामुमो कार्यकताओं के द्वारा मेरे कार्यकताओं को धमकी दिया जा रहा है, कार्यकताओं के घर पर बम पटाखा फोड़ने का काम किया गया है। मैं बीरबल पंचायत की धरती से आगाह करना चाहता हु की अनंत प्रताप देव अपने कार्यकताओं पर लगाम लगाएं अन्यथा इसका खामियाजा भुगतने के लिये भी तैयार रहें। मैं अपने सभी कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाता हू कि आपके मान सम्मान पर कभी आंच नहीं आने दूंगा। कोई भी हमारे सनातन धर्म तथा भवनाथपुर की धरती को कलंकित करने का प्रयास करेगा उसका पुरजोर तरीके से उन्ही के भाषा में जवाब दिया जायेगा। मौके पर पूर्व जिप सदस्य नंद गोपाल यादव, बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, रामेंद्र मिश्रा, रामचंद्र साह, राजेश बैठा, सुरेश यादव, ताराचंद यादव, संतोषी कुशवाहा, दिनेश शर्मा, सखीचंद प्रजापति , बबलू ठाकुर, रविरंजन यादव, तिलक धारी यादव, प्रताप यादव, संतोष प्रजापति, अरुण यादव, सोनू जायसवाल, महेंद्र जयसवाल, पूर्व मुखिया बिनोद कुमार राम, राजू गुप्ता, निर्जय बैठा, बिगन बैठा, उमेश भुईया, प्रेमचंद भूइहर उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष दिलीप यादव के द्वारा किया गया।

## न्यूज अपडेट्स

### युवक गिरफ्तार

**भंडरिया :** पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र के मरदा गांव निवासी नितेश कुमार केशरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी आशीष जायसवाल ने बताया कि आरोपी नितेश केशरी के विरुद्ध भंडरिया थाने में विभिन्न मामला दर्ज किया गया था।

### कार पलटने से एक की मौत, दो घायल

**रंका :** प्रखंड के बान्दु तीखे मोड़ के पास कार पलटने से एक की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक कार चालक दुद्धी निवासी 30 वर्षीय अजय कुमार है। घायलों में रवि कुमार, शिव सोनी के नाम शामिल हैं। ग्रामीणों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिये तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। घटना के संबंध में बान्दु चुतरू निवासी समाजसेवी मेराज अहमद ने बताया कि कार में सवार लोग रात्रि में शादी समारोह से लौट रहे थे। इसी दौरान तीखे मोड़ के समीप कार पलट गई।

### जिला पार्षद मनोज पासवान गिरफ्तार

**छतरपुर :** पुलिस ने नौडीहा-खजूरी निवासी पूर्व जिला परिषद सदस्य मनोज पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुये प्रभारी थाना प्रभारी अनिल रजक ने बताया कि 17 जुलाई को रास्ता को लेकर मारपीट हुई थी। इसमें भोला पासवान काफी जख्मी हो गये थे। रांची रिम्स में इलाज के दौरान 28 जुलाई को उनकी मौत हो गयी थी। इस मामले में पूर्व जिला परिषद मनोज पासवान नामजद अभियुक्त थे।

**सभा**

## भानू ने डंडई में आभार व्यक्त करते हुए कहा

# चुनाव हारे हैं, हिम्मत नहीं

**बंशीधर न्यूज**



**डंडई :** पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही चुनाव हारने के बाद बुधवार को लवाही शिव स्थान के पास एक सभा कर डंडई प्रखंड की जनता को जो उन्हें इस चुनाव में स्नेह और समर्थन दिया है, उसके लिये उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भले ही इस बार चुनाव हार गये हैं, लेकिन हम हिम्मत नहीं हारे हैं। जिस हिम्मत के साथ डंडई प्रखंड की जनता ने उनका विषम परिस्थिति में भी साथ दिया उसके लिये सभी को चरण छूकर प्रणाम करते हुये धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हमारी जनता और कार्यकर्ता बिल्कुल उदास ना हो मैं पहले भी उन लोग के साथ था और चुनाव हारने के बाद भी सभी के साथ रहूंगा। किसी भी विषम परिस्थिति में मैं उनके पीठ पर खड़ा हूं। हमारे कोई भी लोग अपने आप को कमजोर ना समझे और ना ही उदास हो। शाही ने कहा कि वे सेवा भाव से ईमानदारी पूर्वक क्षेत्र के विकास के लिये अपने कार्यकाल में अनवरत कार्य किया है और जब तक शरीर में खून है तब तक करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार के विस चुनाव में भी पार्टी कार्यकताओं ने खूब मेहनत किया है। वहीं क्षेत्र की जनता ने भी भरपूर समर्थन दिया है। चुनाव में हार जीत तो लगी रहती है। उन्होंने कहा वे चुनाव हारे हैं, हौसला नहीं। उन्होंने चुनाव में जीते हुये प्रत्याशी अनंत प्रताप देव को बधाई दी है और कहा कि जो उन्होंने बेरोजगारों को रोजगार भवनाथपुर में पावर प्लांट खुलवा कर देने का वादा किया है वह उसे पूरा करें और हमारे मजदूर भाई को पलायन करने से रोकें। अब अगर हमारे क्षेत्र में किसी भी एक मजदूर भाई की बाहर से लाश आती है तो इसका जिम्मेदार अनंत प्रताप देव और ताहिर अंसारी होंगे। इसीलिये उन्होंने जो झूठा वादा कर जनता को ठगने का काम किया है उसे पूरा करके दिखाये। जाते-जाते उन्होंने अपने कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि कोई भी कार्यकर्ता आंख से आंसू ना निकाले क्योंकि आंसू तो उनका गिरेगा लेकिन वह आंसू नहीं मेरा एक-एक खून का कतरा बह रहा होगा। मौके पर मंडल अध्यक्ष श्रवण चंद्रवंशी, प्रभारी पंकज विश्वकर्मा, दिनेश राम, अलख निरंजन प्रसाद सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक भानू ने मतदाताओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति जताया आभार



**धुरकी :** विधानसभा चुनाव में हार के बाद पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही ने धुरकी प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं का हौसला बढ़ाते हुये मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। धुरकी में पहुंचने पर कार्यकताओं ने उनका फूल माला पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर गर्म जोशी से स्वागत किया। महिलाओं ने भी पूर्व विधायक को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक श्री शाही ने कहा कि भवनाथपुर के मतदाताओं ने मुझे सवा लाख मत दिये हैं, जो झारखंड में चुनाव हारे हुये किसी भी उम्मीदवार को इतना मत प्राप्त नहीं है। सबसे अधिक वोट मुझे मिला है। मैं इसे दिल से स्वीकार करता हूं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने यहां कैंप लगाकर प्रचार किया, लेकिन जनता ने मुझे सशक्त समर्थन दिया है। मैं सदैव जनता के साथ खड़ा रहूंगा। उन्होंने कहा कि धुरकी प्रखंड वासियों के साथ मैं खड़े होकर उनका काम करूंगा और आप सबों के मान सम्मान का रक्षा करूंगा। साथ ही उन्होंने भवनाथपुर के नव निर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव को जीत की बधाई और शुभकामनाएं दी।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फरवरी से बंद है डिजिटल एक्स-रे सुविधा



**भवनाथपुर :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गत 10 फरवरी 2024 से डिजिटल एक्स-रे सुविधा बंद होने के कारण मरीज बाहर में पैसा देकर एक्स-रे कराने को विवश हैं। बताते चलें कि 2023 में भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाखों रुपये के डिजिटल एक्स-रे मशीन लगाया गया था। 2 नवंबर 2023 को तत्कालीन विधायक भानू प्रताप शाही ने इसका उद्घाटन किया था। जिससे अस्पताल में इलाज कराने वाले गरीब असहाय लोगों को सस्ते में एक्स-रे की व्यवस्था हो जाती थी, लेकिन संबंधित मशीन सप्लायर के द्वारा 10 फरवरी 2024 को लॉक कर दिये जाने के कारण एक्स-रे मशीन बंद है। अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद गढ़वा सीएस डॉ अशोक कुमार ने मामले को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने के पश्चात अविलंब चालू कराने की बात कही थी। इस संबंध में अनुबंध ऑपरेटर दिलीप कुमार ने बताया कि मशीन को ऊपर से ही लॉक कर दिया गया है, इसलिये एक्स-रे मशीन बंद है। इस संबंध में पूछे जाने पर सीएस डॉ अशोक सिंह ने कहा कि टेक्निकल फॉल्ट हुआ है। दिसंबर में चालू कराया दिया जायेगा।

## जरासंध भारत के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट थे : सुदेश चंद्रवंशी

**बंशीधर न्यूज**



**मेदिनीनगर :** अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की पलामू इकाई ने महाराज जरासंध की जयंती मनायी। स्थानीय दीनदयाल स्मृति टाऊन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चंद्रवंशी समाज के लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत महाराज जरासंध के चित्र पर पुष्प अर्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजा अर्चना के साथ हुई। मौके पर अतिथियों का अंग वस्त्र एवं शॉल देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के पलामू जिलाध्यक्ष डॉ दिनेश प्रसाद ने की तथा संचालन पूजा समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री सुदेश कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि महाराज जरासंध की जीवनी से सीख लेनी चाहिये। जब वह दो विभक्ति भाग में पैदा लिये और एकजुट हुये तो भारत के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट बने। हम सब एक जुटता बनाये रखेंगे तो किसी भी काम को संभव बनाना आसान हो सकता है। राष्ट्रीय उन्होंने कहा कि आज शिक्षा का सबसे ज्यादा महत्व जीवन में होता है। शिक्षित रहने से अपने अधिकार का पता होता है और जो शिक्षित होता है वह हर क्षेत्र में आगे बढ़ता है। संगठन की एकता से ही होता है समाज का विकास। चंद्रवंशी समाज के वरिष्ठ नेता शैलेश कुमार शैलू ने कहा कि समाज में आर्थिक संरचना को मजबूती प्रदान करने के लिये शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा को बढ़ाना होगा। ताकि शिक्षा रोजगारोन्मुखी हो सके तथा सके। इसी से समाज का गुणात्मक विकास संभव है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष इंद्र राज आनंद, रंजीत चंद्रवंशी शैलेंद्र कुमार शैलू, प्रदेश मंत्री निलय कुमार, कुणाल कुमार चंद्रवंशी, संजय कुमार चंद्रवंशी, मुकेश कुमार चंद्रवंशी, विकी कुमार चंद्रवंशी, मीडिया प्रभारी अभिषेक राज मौजूद रहे।

## निर्धारित रूट पर चलें टेंपो व ई-रिक्शा : प्रभारी

# चेकिंग अभियान ने पकड़ाये 16 दोपहिया वाहन

**बंशीधर न्यूज**




**मेदिनीनगर :** यातायात पुलिस ने मेदिनीनगर के सद्दीक चौक कोयल पुल स्थित टेंपो स्टैंड के पास सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया, दोपहिया, टेंपो व ई–रिक्शा सवारी की जांच की गई। यातायात प्रभारी ने बताया कि आज भी जांच के दौरान कई सारे दो पहिया वाहन चालक बगैर हेलमेट, ट्रिपल लोड और बिना लाईसेंस के गाड़ी चलाते पाये गये। उनके वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया है। साथ ही जुमार्ना के लिये सूची कोर्ट में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि चौनपुर–शाहपुर की तरफ से आने वाले सभी टेंपो सवारी गाड़ी एवं ई रिक्शा को चैनपुर पुल के पास बस टेंपो स्टैंड के पास रोका जा रहा है क्योंकि पूर्व में वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार सभी टेंपो सवारी गाड़ी को वही स्टैंड में अपनी गाड़ी को खड़ा करना है। इसके बाद वहां से ई रिक्शा द्वारा रेलवे स्टेशन, सादिक चौक, बस स्टैंड हॉस्पिटल, छहमुहान के लिये दूसरी गाड़ियां मिलेगी। उन्होंने बताया कि सभी टेंपो चालकों को समझाने के साथ ही हिदायत दी गई कि आप पने–अपने टेंपो पर पूर्व में जो निर्धारित रूट बनाया गया है उसके हिसाब से अपने टेंपो पर जगह का नाम अवश्य लिखें और इसी रूट में चले। क्योंकि आय दिन यह बात सुनने में आ रहा है कि फलना टेंपो टेंपो में मेरा बैग छूट गया इसलिये यह नियम आज से पूरी कड़ाई के साथ शहर में लागू किया जा रहा है। इस बात की सूचना टेंपो स्टैंड के अध्यक्ष एवं उनके सदस्यों को दो माह से दी जा रही है। लेकिन इस पर वह कोई विचार नहीं कर रहे हैं। इसलिये मजबूर होकर हम सभी को यह कदम उठाना पड़ रहा है। निर्धारित टेंपो के लिये विभिन्न प्रकार का रूट बनाया गया है जैसे शाहपुर चैनपुर की तरफ से आने वाली टेंपो का स्टैंड रूट कोयल नदी पर बस स्टैंड के पास होगा। सतबरवा की तरफ से आने वाली टेंपो का पड़ाव एयरपोर्ट के पास चियांकी होगा। नावाबाजार पड़वा की तरफ से आने वाले टेंपो का पडाव बीसफुटा के पास होगा। पाटन के तरफ से आने वाले टेंपो का पड़ाव टीवी टावर के पास होगा। पाकी लेस्लीगंज के तरफ से आने वाले टेंपो वाहनों का पडाव पोखराहा नगर निगम बोर्ड के पास होगा। उन्होंने यह भी बताया कि शहर में चलने के लिये ई रिक्शा अपने–अपने ई रिक्शा टेंपो पर निर्धारित रूट लिखकर टाउन में चलेंगे। नियम के उल्लंघन पर उनकी गाड़ी को पकड़कर फाईन के लिये भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि 27 नवंबर को जिला परिवहन कार्यालय से 04 टेंपो ई रिक्शा का जुमार्ना 4450 रूपया तथा सीजीएम कार्यालय से 6 दो पहिया वाहन का जुमार्ना 11 हजार रुपया आया है।

# बीडीओ ने की बैठक

**बंशीधर न्यूज**




**मझिआंव :** प्रखंड क्षेत्र में सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी एवं जनोपयोगी योजनाओं में विकास की गति बढ़ाने को लेकर बीडीओ श्रीमती कनक एवं सीओ प्रमोद कुमार ने सभी प्रखंड कर्मियों एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान बीडीओ ने अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, सर्वजन पेंशन योजना, मंईयां सम्मान, 15 वें वित्त एवं मनरेगा योजनाओं के विकास कार्यों की समीक्षा की। साथ ही सभी विकास कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उसके पश्चात उन्होंने बैठक में उपस्थित तमाम पंचायत सचिव, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, बीएफटी, एई एवं जेई को प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य एवं लंबित योजनाओं को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। बताते चलें कि इस बैठक में प्रखंड एवं पंचायत के कई कर्मी मौजूद नहीं थे। बैठक में जन सेवक परमानंद प्रसाद, प्रशांत कुमार मिश्रा, मनरेगा लिपिक अखिलेश कुमार सहित जेई, ग्राम रोजगार सेवक सहित अन्य कर्मी भी उपस्थित थे।



## अदिति राव हैदरी व सिद्धार्थ ने की दूसरी बार शादी

बॉलीवुड एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी और साउथ एक्टर सिद्धार्थ ने सितंबर में कुछ लोगों की मौजूदगी में तेलंगाना के श्रीरंगनायकस्वामी मंदिर में शादी की थी। इस जोड़े ने शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं थी। अब फिर जानकारी मिली है कि अदिति और सिद्धार्थ ने फिर शादी की है। दोनों ने राजस्थान में दूसरी शादी की है। इस दूसरी शादी को लेकर फैंस हैरान हैं। अदिति राव हैदरी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी दूसरी शादी की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में अदिति लाल लहंगा पहने नजर आ रही हैं। इसके ऊपर उन्होंने ज्वैलरी पहनी हुई है। इस लुक में अदिति बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वहीं सिद्धार्थ ने पर्ल कलर की शेरवानी पहनी हुई है। इसके ऊपर मोतियों का हार पहना हुआ है। इन तस्वीरों में वह बेहद हैंडसम लग रहे हैं। अदिति और सिद्धार्थ की दूसरी शादी की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। अदिति ने इस फोटो को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है और कैप्शन दिया है, 'एक-दूसरे की जिंदगी में जिंदगीभर याद रखने लायक कुछ।' सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों पर फैंस ने लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर दी है। उनकी फोटो पर 'अदिति की सादगी प्यारी है', 'दोनों एक-दूसरे के साथ खूबसूरत लग रही हैं', 'वे एक-दूसरे के लिए ही बने हैं', 'दोनों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं' जैसे कई कमेंट्स देखने को मिल रहे हैं। निर्देशक संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी का हिस्सा रहीं अदिति राव हैदरी की सिद्धार्थ से पहली मुलाकात 2021 में एक तेलुगु फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई थी। महासमुद्रम नाम की इस फिल्म की शूटिंग के दौरान उनकी नजरें एक दूसरे से मिलीं।

## हाउसफुल-5 अगले वर्ष जून में होगी रिलीज



साजिद नाडियाडवाला की हाउसफुल 5 की शूटिंग पूरी होने वाली है। हाल ही में फिल्म के अंतिम शेड्यूल की शूटिंग से पहले मेकर्स ने जश्न मनाते बड़े कलाकारों के साथ वाली एक फोटो शेयर की है। इस फिल्म को दर्शक उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं। साजिद नाडियाडवाला की हाउसफुल 5 अपनी पांचवीं किस्त लगभग तैयार है। मेकर्स का दावा है कि यह फिल्म मनोरंजन, मस्ती, कॉमेडी का पांच गुना ज्यादा डोज ले कर आ रही है। यह लंदन से फ्रांस, स्पेन और वापस यूके तक एक शानदार क्रूज में शूट की गई बड़ी बजट की फिल्मों में से एक है। हाउसफुल 5 एक कॉमेडी फि ल्म है, जिसमें बॉलीवुड के कई बड़े नाम शामिल हैं। इनमें अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, फरदीन खान, जैकलीन फर्नांडीज, सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, नाना पाटेकर, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, डिनो मोरिया, चित्रांगदा सिंह, रंजीत, सौंदर्या शर्मा, निकितिन धीर और कई अन्य शामिल हैं। फिल्म का तरुण मनसुखानी ने निर्देशित की है। यह फिल्म 6 जून, 2025 को रिलीज होगी।

## ट्रंप ने कोलकाता में जन्मे जय भट्टाचार्य पर जताया भरोसा, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ का निदेशक नामित किया




# पंडित धीरेंद्र शास्त्री की पदयात्रा निवाड़ी पहुंची

### जात-पात की करो विदाई, हिंदू-हिंदू भाई-भाई का दिया नारा



**निवाड़ी/भोपाल।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हिंदू जागरूकता पदयात्रा सातवें दिन बुधवार को देश शाम निवाड़ी पहुंची। यहां रात्रि विश्राव होगा और इसके बाद यात्रा गुरुवार सुबह फिर ओरछा के लिए रवाना होगी। सातवें दिन बुधवार को पदयात्रा में पंडित धीरेंद्र शास्त्री 17 किलोमीटर चले। सुबह उन्होंने सड़क पर बैठकर नाश्ता किया। यात्रा उत्तर प्रदेश के सकरार में लंच किया। दोपहर में यात्रा में भोजपुर एक्टर और भाजपा नेता मनोज तिवारी भी शामिल हुए।

पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बुधवार को यात्रा के दौरान नारा दिया कि जात-पात की करो विदाई, हिंदू-हिंदू भाई-भाई। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचार को लेकर हिंदुओं को संगठित रहने की सलाह दी। साथ ही सामाजिक कुरीतियों को त्यागने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हिंदू कम हो रहा है। हिंदू जातियों में बंट गया है। बांग्लादेश के हिंदुओं पर अत्याचार हुआ, सबने देखा। अब हम चुप नहीं बैठेंगे। सब हिंदू एक होकर बताएंगे।

पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य राजनीतिक नहीं है। उन्होंने कहा कि गांव में जो छूआछूत और जात पात का रोग है, उसे ही दूर करने के लिए सनातन हिंदू एकता पदयात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि क्या तुम भी भारत को बांग्लादेश बनाना चाहते हो, क्या तुम चाहते हो तुम्हारी बहन बेटी लव जिहाद में पड़े, तुम्हारी जमीन पर दूसरा कब्जा करे? इनसे बचने के लिए सड़कों पर उतरना होगा। सभी को संगठित होना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि मंदिरों में लिखा हो कि जूते-चप्पल उतारकर आएं, लेकिन अब यह भी लिखा जाए कि जात-पात छोड़कर आएं। उन्होंने यह भी जोड़ा, हर व्यक्ति के मन से यह सोच मिटनी चाहिए कि कोई बड़ा है या छोटा। हम सब राम के हैं और राम हम सबके हैं। 9 दिन की यात्रा का विराम दो दिन बाद हो जाएगा, लेकिन जीवन का विराम भी एक दिन जरूर आएगा।

पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि सरकार और राजनीति ने समाज को दलित बना दिया है। जब किसी दलित की बारात को घोड़ी से उतारा जाता है, तो यह हिंदू समाज के लिए शर्म की बात है। ऐसे समय में जात-पात और छूआछूत जैसी कुरीतियों को खत्म करने के लिए एकजुट होना होगा। उन्होंने शबरी और राम के उदाहरण देते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हम शबरी में दीनता और राम में प्रबुद्धता देखें। समाज को समानता और सम्मान के साथ आगे बढ़ना होगा।

उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा हिंदू समाज के भीतर एकता और जागरूकता लाने का माध्यम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह यात्रा केवल बुंदेलखंड तक सीमित नहीं रहेगी। अगर आवश्यकता पड़ी, तो यह यात्रा बांग्लादेश तक जाएगी। हमारा उद्देश्य हर व्यक्ति को यह समझाना है कि हम सब राम के हैं और राम हमारे हैं।

बागेश्वर धाम से 21 नवंबर को शुरू हुई इस पदयात्रा का समापन 29 नवंबर को ओरछा में होगा। पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि हनुमान जी श्री राम के उपासक हैं और बागेश्वर धाम के हनुमान जी ओरछा के रामराजा से मिलने जा रहे हैं। समापन से पहले एक किलोमीटर की यात्रा के दौरान हनुमान चालीसा का पाठ और ध्वजारोहण किया जाएगा। यात्रा में हर आयु वर्ग के लोग उत्साह से भाग ले रहे हैं। श्रद्धालु इसे सामाजिक और आध्यात्मिक जागरूकता का सबसे बड़ा अभियान मान रहे हैं। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हिंदुओं को बचाना है तो सड़कों पर आना ही पड़ेगा। जात-पात, छुआछूत, और महिलाओं के सम्मान जैसे मुद्दों पर आत्ममंथन करना आवश्यक है।

## विनोद तावड़े बने यूपी व बिहार के पर्यवेक्षक



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी संगठन चुनावों की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विभिन्न राज्यों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। ये पर्यवेक्षक राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी और प्रदेश इकाई के समन्वय से संगठनात्मक चुनाव संपन्न कराएंगे। भाजपा ने वरिष्ठ नेता विनोद तावड़े को उत्तर प्रदेश और बिहार का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े और राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य में संगठन चुनाव कराना तावड़े की प्रमुख जिम्मेदारी होगी। राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिव प्रकाश को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की जिम्मेदारी दी गई है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह को हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड का पर्यवेक्षक बनाया गया है। पार्टी ने राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल को पश्चिम बंगाल, असम, झारखंड और हरियाणा में संगठन के चुनावों के लिए पर्यवेक्षक बनाया है। ये चारों राज्य भाजपा के लिए रणनीतिक रूप से बेहद अहम माने जाते हैं, जहां सुनील बंसल का अनुभव पार्टी के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

Hit लिस्ट

## कांग्रेस ने उठाया बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की असुरक्षा का मुद्दा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों में असुरक्षा के माहौल पर चिंता व्यक्त की है। पार्टी ने इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी को इसका ताजा उदाहरण बताया है। पार्टी ने उम्मीद जताई है कि भारत सरकार बांग्लादेश सरकार से अल्पसंख्यकों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को लेकर दबाव डालेगी। पार्टी वक्तव्य के बाद कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी एक एक्स पोस्ट में इस मुद्दे को उठाया है। उन्होंने कहा है कि बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर के संत की गिरफ्तारी और अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ लगातार हो रही हिंसा की खबरें अत्यंत चिंताजनक है। उनकी केंद्र सरकार से अपील है कि इस मामले में हस्तक्षेप किया जाए और बांग्लादेश सरकार के समक्ष अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुद्दा मजबूती से उठाया जाए।

## तीन श्रेणियों में मिलेगा चौधरी चरण सिंह पुरस्कार

**नई दिल्ली।** किसान ट्रस्ट 21 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री और दिग्गज किसान नेता चौधरी चरण सिंह की स्मृति में नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में चौधरी चरण सिंह पुरस्कार प्रदान करेगा। पुरस्कार तीन श्रेणियों में प्रदान किये जाएंगे। इसके लिए नामांकन की अंतिम तिथि 5 दिसंबर है। किसान ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी भोला शंकर शर्मा ने बुधवार को बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह द्वारा जनहित में किये गये कार्यों के प्रति सम्मान व्यक्त करने एवं उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ट्रस्ट 21 दिसंबर को चौधरी चरण सिंह पुरस्कार (सीसीएस अवाड्र्स) की शुरूआत कर रहा है। यह सम्मान समारोह चौधरी चरण सिंह की जयन्ती (23 दिसम्बर) के उपलक्ष्य में हर साल दिसंबर माह में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट कृषि रत्न, सेवा रत्न और कलम रत्न नामक तीन श्रेणियों में कुल चार पुरस्कार देगा। कृषि के क्षेत्र में दो पुरस्कार दिये जाएंगे, जिसमें एक पुरस्कार खेती-किसानी में विशिष्ट कार्य करने वाले किसी किसान तथा दूसरा पुरस्कार किसी कृषि वैज्ञानिक अथवा संस्था को दिया जाएगा।

### विपक्षी सदस्यों ने समिति का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग को लेकर किया हंगामा, लोकसभा अध्यक्ष आम बिरला से भी मिले विपक्षी सदस्य

# वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के लिए गठित जेपीसी का कार्यकाल बढ़ेगा

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक-2024 पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का कार्यकाल बढ़ाया जाएगा। समिति की आज हुई बैठक में सर्वसम्मति से इस पर निर्णय लिया गया। समिति को इस सप्ताह के अंत तक रिपोर्ट देनी थी। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल का कहना है कि समिति के सभी सदस्य इस बात पर सहमत हैं कि जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाया जाना चाहिए। संभावना है कि इस संबंध में कल संसद में प्रस्ताव लाया जाएगा और समिति का कार्यकाल बजट सत्र तक बढ़ाया जाएगा। इससे पहले समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा था कि समिति की रिपोर्ट लगभग तैयार है और इसे समय से सदन को भेजा जाएगा। हालांकि विपक्ष को इसपर



आपत्ति थी। विपक्ष समिति का कार्यकाल बढ़वाना चाहता था। इस संबंध में विपक्षी नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी मुलाकात की थी। आज समिति की बैठक में विपक्षी सदस्यों ने समिति का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग को लेकर हंगामा किया। विपक्षी सदस्य बैठक को बीच में ही छोड़कर बाहर चले गए। तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि समिति का ज्यादातर समय सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों से ही चर्चा में लगाया गया और जिन राज्यों में सबसे ज्यादा वक्फ संपत्ति है, उन्हें नहीं बुलाया गया। संयुक्त संसदीय समिति की बुधवार को पार्लियामेंट हाउस एनेक्सी में बैठक हुई। बैठक के बाद बाहर आए सांसदों ने इस बात की पुष्टि की कि समिति का कार्यकाल बढ़ाए जाने पर सहमति बन गई है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा में 8 अगस्त को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया था। साथ ही इससे जुड़े निष्क्रिय हो चुके पुराने अधिनियम को कागजों से हटाने के लिए मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक, 2024 पेश किया था। नए विधेयक का नाम एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास अधिनियम होगा। अंग्रेजी में यूनिफाइड वर्क मैनेजमेंट एंपावरमेंट एफिशिएंट एंड डेवलपमेंट यानि उम्मीद। विधेयक का विपक्ष ने विरोध किया था। उसके बाद 9 अगस्त को इसे आगे की चर्चा के लिए संसद की संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया था।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)